विदेश मंत्री
भारत

सत्यमेव जयते

Minister of External Affairs
India



**MESSAGE**

It gives me immense pleasure to join all our Passport Issuing Authorities in India and abroad on the occasion of the 13th Passport Seva Divas on 24 June 2025.

"*Seva, Sushasan and Garib Kalyan*" are three key pillars of governance that would lead us to a Viksit Bharat. They are all reflected with prominence in our "Passport Seva Programme". In the last 11 years, there has been a paradigm shift in the public service delivery, from just over 91 lakh passports in 2014, we have reached 1.46 crore passports in 2024.

In line with the Government of India's commitment to deliver next level of citizen-centric service, I am delighted to inform that we have rolled out PSP V2.0 across the country. This would leverage advanced, high-end emerging technologies. The pilot testing of Global PSP Version 2.0 is currently under progress and shall also be rolled out in a phased manner in all Indian Embassies/Consulates.

Another important milestone is the ongoing roll out of the e-Passport. The contactless reading of data stored in the chip facilitates the ease of travel for Indian citizens and their smoother interface with Immigration Authorities. The launch of mPassport Police App has substantially brought down the Police Verification time to 5-7 days in 25 States/UTs where mPassport Police App has been implemented.

172, South Block, New Delhi-110011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 E-mail : diream@mea.gov.in

In the last one year, 10 new Post Office Passport Seva Kendras (POPSKs) have been opened in the country. The 450th POPSK was opened at Kushinagar in April 2025. We have reached the remotest areas of our country through our mobile van facilities which have enhanced the ease of passport services for citizens living in far flung areas. It has helped our professionals and workers to access the global workplace.

I take this opportunity to congratulate everyone at Passport Offices (PO), Passport Seva Kendras (PSK), Post Office Passport Seva Kendras (POPSK) and all partners of Passport Seva Programme, including the Department of Posts, India Security Press at Nashik, State Police authorities, our service providers and others for their dedication in rendering passports and related services collectively to our citizens.

Happy Passport Seva Divas!

**(Dr. S. Jaishankar)**

172, South Block, New Delhi-110011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 Fax : +91-11-23011463
E-mail : diream@mea.gov.in

विदेश मंत्री
भारत

सत्यमेव जयते

Minister of External Affairs
India



<u>**संदेश**</u>

मुझे 24 जून 2025 को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर, भारत और विदेश स्थित हमारे सभी पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकरणों के साथ शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है।

"सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" हमारी शासन व्यवस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, जो हमें एक विकसित भारत की ओर ले जायेंगे। ये सभी हमारे "पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम" में प्रमुखता से प्रतिबिंबित होते हैं। पिछले 11 वर्षों में, सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के संबंध में एक बड़ा परिवर्तन देखा गया है। वर्ष 2014 में हमने केवल 91 लाख पासपोर्ट जारी किए थे और वर्ष 2024 में हम 1.46 करोड़ पासपोर्ट की संख्या तक पहुँच गए हैं।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उत्कृष्ट जन-केंद्रित सेवा प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने देश भर में पीएसपी (PSP) वर्जन 2.0 शुरू कर दिया है। यह सुविधा उन्नत और उच्च-स्तरीय उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने में सहायता करेगी। वर्तमान में वैश्विक पीएसपी वर्जन 2.0 का प्रारंभिक परीक्षण चल रहा है और इसे विदेश स्थित सभी भारतीय दूतावासों और कोंसुलावासों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

172, South Block, New Delhi-110011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 E-mail : dirеam@mea.gov.in

एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि e-पासपोर्ट सेवा जो अभी कार्यान्वयन में है। चिप में संगृहीत डाटा की संपर्क रहित रीडिंग से भारतीय नागरिकों के लिए यात्रा करना और आव्रजन अधिकारियों के साथ उनका संपर्क आसान हो गया है। M-पासपोर्ट पुलिस ऐप के आरंभ होने से 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, जहाँ M-पासपोर्ट पुलिस ऐप लागू किया गया है वहाँ पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय में काफी कमी आयी है, और अब यह 5-7 दिनों में हो जाता है।

पिछले एक साल में देश में 10 नए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) खोले गए हैं। ऐसा 450वां केंद्र अप्रैल 2025 में कुशीनगर में खोला गया। हम अपनी मोबाइल वैन सुविधाओं के माध्यम से अपने देश के सबसे दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच बना चुके हैं, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए पासपोर्ट सेवाएँ अधिक सुलभ हो गई हैं। इसने हमारे पेशेवरों और श्रमिकों को वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंचने में मदद की है।

मैं इस अवसर पर पासपोर्ट कार्यालयों (PO), पासपोर्ट सेवा केंद्रों (PSK), पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्रों (POPSK), डाक विभाग, नासिक स्थित भारत सुरक्षा प्रेस, राज्य पुलिस प्राधिकारियों, सेवा प्रदाताओं एवं अन्य सभी को पासपोर्ट और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने में उनके समर्पण के लिए बधाई देता हूँ।

आप सभी को पासपोर्ट सेवा दिवस की शुभकामनाएँ!

(डॉ. सु. जयशंकर)

172, South Block, New Delhi-110011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 Fax : +91-11-23011463
E-mail : diream@mea.gov.in